एक नजर में

## साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन



**आलीराजपुर।** प्रति मंगलवार की तरह आज भी कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में जनसुनवाई का आयोजन संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल की अध्यक्षता में किया गया जिसमें कुल 17 आवेदक अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आए। संयुक्त कलेक्टर गरवाल द्वारा सभी आवेदकों की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को इनके त्वरित निराकरण कराने के निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में बेवा सरिता चौहान निवासी जवाहर मार्ग, राक्सा,आलीराजपुर ने आवेदन दिया कि मेरे पति नगर पालिका में पदस्थ होकर नगर क्षेत्र में जल वितरण का कार्य करते थे। कुछ वर्ष पूर्व आकस्मिक मृत्यु हो गई थी पति कि मृत्यु के पश?चात मेरे परिवार का पालन पोषण मेरे द्वारा किया जाता हैं पति कि मृत्यु के पश्चात मेरे बच्चों कि पढ़ाई में काफी समस्या आ रही हैं शासन के नियमों अनुसार मेरी पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति दी जाये,जिससे हमारी आर्थिक स्थिति में सुधार आ सके। उक्त आवेदन को संयुक्त कलेक्टर श्री गरवाल ने सीएमओ को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस तरह जमीनी विवाद ,आर्थिक सहायता , बैंक में संयुक्त खाता खुलवाने के संबंध में , जाति प्रमाण पत्र बनाने, लोन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान डिप्?टी कलेक्?टर सुश्री दीपिका पाटीदार एवं समस्त विभागो के अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्वच्छता साथी-वॉश ऑन व्हील्स से अब घर-घर होगी शौचालयों की आधुनिक सफाई

**आलीराजपुर।** कलेक्टर  नीतू माथुर के निर्देशानुसार एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री वीरेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में जिले में स्वच्छता साथी-वॉश ऑन व्हील्स अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित कुल 18 स्वच्छता साथियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। यह प्रशिक्षण यूनिसेफ के प्रतिनिधि श्री यासिन द्वारा दिया गया। प्रशिक्षित स्वच्छता साथी अब ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत नागरिकों और संस्थाओं द्वारा की गई मांग के आधार पर आधुनिक मैकेनिकल तकनीक से शौचालयों की सफाई करेंगे। इस पहल से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता सेवाएं और अधिक प्रभावी व सुरक्षित बनेंगी। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने बताया कि नागरिक ग्राम पंचायतों और संस्थानों में शौचालयों की सफाई के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से मांग दर्ज करा सकते हैं। इससे स्वच्छता साथियों को प्रोत्साहन मिलेगा और आधुनिक तकनीक से स्वच्छता का स्तर बेहतर होगा। स्वच्छता साथियों को पीपीई किट एवं स्वच्छता किट भी उपलब्ध कराई गई है ताकि वे सुरक्षित रूप से कार्य कर सकें। प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री बघेल ने बताया कि यह सेवा मोबाइल आधारित स्वच्छता सेवा है, जिसके तहत स्वच्छता साथी घर-घर जाकर या मांग के अनुसार स्थल पर पहुंचकर घरेलू शौचालय, स्कूल व आंगनवाड़ी शौचालय, सार्वजनिक शौचालय तथा स्पॉट क्लीनिंग जैसी सेवाएं प्रदान करेंगे। संस्थागत शौचालयों की स्थिति में यह फीस राशि मात्र 200 रुपए निर्धारित की गई है। यह सेवा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित की जा रही है। नागरिक इस वॉश ऑन व्हील्स मोबाइल ऐप को गूगल प्ले स्टोर से या क्यूआर कोड स्कैन कर डाउनलोड कर सकते हैं और अपने घर या संस्था के शौचालय की सफाई के लिए आसानी से मांग दर्ज कर सकते हैं।

## योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन विश्व चैंपियनशिप की ड्रेस रिहर्सल

इंदौर. पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और पुरुष युगल की जोड़ी चिराग शेट्टी व सात्विक साईराज रंकीरेड्डी का कहना है कि घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने का अहसास हमेशा खास होता है. इन सबके मुताबिक इस बार योनेक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन 2026 का महत्व और भी बढ़ गया है क्योंकि अगस्त में इसी वेन्यू पर बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी. एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट, योनेक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन 2026 का आयोजन 13 से 18 जनवरी तक होगा. यह टूर्नामेंट प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 के लिए एक ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करेगा. इस बार मुकाबले इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बड़े मल्टी-पर्पज़ हॉल में होंगे, जिससे दर्शकों को पहले की तुलना में कहीं बड़ा और बेहतर टूर्नामेंट देखने का अनुभव मिलेगा. हर साल की तरह इस संस्करण में भी दुनिया के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें चीन के विश्व चैंपियन शी यू ची, महिला विश्व नंबर-1 आन से यंग और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स चैंपियन क्रिस्टो पोपोव शामिल हैं. अगले पांच दिनों में 20 देशों के कुल 256 खिलाड़ी एक्शन में होंगे, जिनमें चीनी ताइपे 36 खिलाड़ियों के साथ सबसे बड़ा दल भेज रहा है.

## एक्मा ऑटोमैकेनिका में 19 देशों के एग्जीबिटर्स आएंगे

इंदौर, एक्मा ऑटोमैकेनिका नई दिल्ली 2026, ऑटोमोटिव सर्विस और आफ्टरमार्केट इंडस्ट्री के लिए भारत का इंटरनेशनल ट्रेड फेयर, 5-7 फरवरी को यशोभूमि (आईआईसीसी), द्वारका में होगा, जो 19 देशों के 800 से ज़्यादा एग्जीबिटर्स के साथ अब तक का सबसे बड़ा एडिशन होगा. यह बड़ा एडिशन इंडस्ट्री की मज़बूत गति के चलते हो रहा है. भारत की ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स इंडस्ट्री ने पिछले साल 8% निर्यात बढ़ोतरी दर्ज की, जबकि घरेलू आफ्टरमार्केट वित्तवर्ष 2025 में 6% बढ़ा, जिसका कारण पुरानी गाड़ियों की बढ़ती संख्या, सर्विस नेटवर्क का बढ़ता फॉर्मलाइज़ेशन, डिजिटल और डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर चैनलों को अपनाना है. 50,000 से ज़्यादा ग्रॉस स्क्वायर मीटर में फैली यह प्रदर्शनी 3,000 से ज़्यादा ब्रांड्स को एक साथ लाएगी, जिसमें 285 पहली बार भाग लेने वाले एग्जीबिटर्स शामिल हैं. राज मानेक, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और बोर्ड मेंबर, मेस्से फ्रैंकफर्ट एशिया होल्डिंग्स लिमिटेड ने कहा कि मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि इस शो में भारतीय और इंटरनेशनल स्तर पर बहुत अच्छी भागीदारी हुई है और इस शो ने भारत के ऑटो कंपोनेंट सेक्टर की बढ़ती ग्रोथ को भी दिखाया है. विन्नी मेहता, डायरेक्टर जनरल, ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने कहा कि यह इवेंट सिर्फ़ प्रोडक्ट्स दिखाने के बारे में नहीं है, बल्कि भारत को क्वालिटी-ड्रिवन, टेक्नोलॉजी-आधारित आफ्टरमार्केट सॉल्यूशंस के लिए एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में पेश करने के बारे में है.

## भारत में किफायती आवास पर पुनर्विचार

इंदौर. भारत में घर होना केवल एक वित्तीय उपलब्धि नहीं है, यह सुरक्षा, सम्मान और अपनेपन का प्रतीक है. सभी आय समूहों में, घर के स्वामित्व की आकांक्षा बहुत गहरी है. फिर भी, लाखों भारतीय परिवारों के लिए, विशेष रूप से अनौपचारिक या मामूली आय वाले लोगों के लिए, एक सुरक्षित और औपचारिक घर का सपना साकार करना कठिन बना हुआ है. चुनौती महत्वाकांक्षा की नहीं, बल्कि पहुँच (एक्सेस) की है, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के इमर्जिंग बिजनेस के प्रमुख उमेश अरोरा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत में हाउसिंग क्रेडिट (आवास ऋण) का विस्तार हुआ है, लेकिन यह असमान रहा है.





# ग्राम आम्बा में मनकामनेश्वर मंदिर के वार्षिक समारोह की भव्य शुरुआत

▶ पारंपरिक वाद्य-यंत्र, वेशभूषा एवं कलश यात्रा

**पारा . आज हजारों ग्रामवासी अपनी पारंपरिक वेशभूषा एवं वाद्य यंत्रों में शामिल हुए, साथ ही क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बना दिया।**

जिला झाबुआ के ग्राम आम्बा (पिथनपुर) स्थित श्री मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर, शिव टेकरी पर आयोजित होने वाला 9वाँ वार्षिक समारोह 2026 इस वर्ष अत्यंत भव्य और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न होगा। यह पंचदिवसीय आयोजन 13 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

समारोह का शुभारंभ 13 जनवरी 2026, मंगलवार को प्रात: 9 बजे भव्य कलश यात्रा एवं पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ हुआ। यह यात्रा प्रणामी मंदिर, सुनार फलिया, आम्बा (हिडी रोड) से प्रारंभ होकर शिव टेकरी स्थित मंदिर प्रांगण तक पहुँची। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं ग्रामवासी पारंपरिक वेशभूषा के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संत परम पूज्य गोपाल कृष्ण जी महाराज की ओजस्वी वाणी में श्री शिव महापुराण कथा के वाचन की शुरुवात की गई। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रहेगा। कथा के माध्यम से शिव भक्ति, जीवन मूल्य, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया जाएगा।

17 जनवरी 2026, शनिवार को शिव कथा का समापन एवं पूर्णाहूति संपन्न होगी। वहीं 18 जनवरी 2026, रविवार को विराट संत सम्मेलन एवं महा भण्डारे का आयोजन किया जाएगा, जो परम पूज्य संत श्री गंगाराम जी महाराज (देहदा धाम, गुजरात) एवं परम पूज्य संत श्री कानूजी महाराज (सेमलिया धाम) के पावन सानिध्य में संपन्न होगा।

आयोजकों ने बताया कि यह वार्षिक समारोह धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक चेतना को सशक्त करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। समस्त क्षेत्रवासियों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

## बीआरटीएस को लेकर सख्त कार्रवाई पर मजबूर ना करें : हाईकोर्ट

इंदौर. बीआरटीएस सड़क की रैलिंग और बस स्टॉप नहीं हटाने को लेकर आज हाईकोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि आप मामले में गंभीरता नहीं बरत रहे हैं, हमें सख्त कार्रवाई करने पर मजबूर ना करें. उक्त मामले में अगली सुनवाई 19 जनवरी लगी है और अलगली तारीख पर बीआरटीएस सड़क रेलिंग हटाने वाले ठेकेदार को भी साथ लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए है. शहर के यातायात व्यवस्था को लेकर अधिवक्ता अजय बागड़िया ने जनहित याचिका दायर की थी. इसमें लिंक याचिका अधिवक्ता मनीष यादव ने भी लगाई है.

# भाजपा युवा मोर्चा द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर किए विभिन्न कार्यक्रम

▶ स्वामी विवेकानंद के जीवन पर संगोष्ठी के साथ रक्तदान किया गया

**झाबुआ। स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान के नेतृत्व में युवा मोर्चा जिला इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए गए।**

जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में जिले के शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं रक्तदान शिविर आयोजन में सहभागिता की गई। ग्राम ढेकलबड़ी मे स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर युवाओं को अनुशासन, स्वास्थ्य एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को



सकारात्मक दिशा और नई ऊर्जा प्रदान करते है। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष थावरिया अमलियार, भाजपा देवझिरी मंडल अध्यक्ष मांगीलाल भूरिया, युवा मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री मजेसिंह मखोड़िया, तारेंद्र कटारा, पवन परमार, निर्मल भूरिया, मुकेश पालीवाल, भाजयुमो बोरी मंडल महामंत्री विवेक अजनार, कृष्णा भूरिया, रमेश डामोर, मड़ियाभाई सहित अनेक छात्र-छात्राएं, शिक्षक और जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।



# संकल्प से समाधान अभियान में कैंसर पीड़ित को मिली सहायता

**आलीराजपुर। संकल्प से समाधान अभियान के दौरान कालू पिता जुवान सिंह वास्कले ने बताया कि वह कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।**

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से इलाज हेतु 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर श्री कालू को चेक के माध्यम से उपलब्ध कराई ।

इस दौरान श्रीमती माथुर ने संबंधित के रिश्तेदारों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की अन्य योजनाओं से लाभ दिलाने का भी आश्वासन दिया साथ ही संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि श्री कालू के आधार कार्ड और आयुष्मान से संबंधित समस्त कागजी कार्यवाही में जिला प्रशासन हर संभव मदद जल्द से जल्द कर उपचार में सहयोग करे।

इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह बघेल,अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने पुल के दुरुस्त होने तक अन्य विकल्पित मार्ग का उपयोग करने के निर्देश जारी किए

**अलीराजपुर ।** कलेक्टर नीतू माथुर ने मोटरयान नियम 1994 की धारा 215 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आलीराजपुर-मथवाड मार्ग पर उमराली (अनखड़ नदी) स्थित पुल से बस, ट्रक एवं अन्य भारवाहक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया है। यह निर्णय सार्वजनिक सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त पुल पर भारी वाहनों का यह प्रतिबंध आज दिनांक से आगामी 12 फरवरी 2026 तक प्रभावशील रहेगा। प्रशासन द्वारा वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे पुल के दुरुस्त होने तक वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन कर प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

# मकर संक्रांति के उपलक्ष में शारदा विद्या मंदिर में खिचड़ी दान कार्यक्रम का आयोजन

**झाबुआ। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष में शारदा विद्या मंदिर, बिलिडोज में खिचड़ी दान कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में दान, सेवा एवं करुणा की भावना को जागृत करना था।**

इस पुण्य अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों, कार्यालयीन स्टाफ एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने सामूहिक रूप से खिचड़ी दान कर समाजसेवा का संदेश दिया और भारतीय संस्कृति की महान परंपराओं से विद्यार्थियों को परिचित करवाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि दान से मन की शुद्धि होती है और समाज में आपसी सहयोग एवं सद्भाव बढ़ता है। इस



आयोजन से पूरे विद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और सेवा भाव का वातावरण बना। विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिवर्ष किए जा रहे इस प्रकार के संस्कारयुक्त कार्यक्रम निश्चित रूप से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रहे है।




## स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई

**इंदौर. भारत विकास परिषद तिलक शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती, युवा दिवस के अवसर पर शासकीय एकीकृत विद्यालय पिपल्याहाना में प्रसिद्ध लेखिका एवं तिलक शाखा सदस्य ज्योति जैन के व्याख्यान का आयोजन किया गया.**

अपने सारगर्भित उद्बोधन में उन्होंने स्वामी जी के विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया. तत्पश्चात प्राचार्या ज्योति जैन को स्वामी जी के 10 प्रतिकृति कक्षाओं में लगाने हेतु भेंट की गई. स्वागत उषा नागर ने किया. स्मृति चिन्ह मनोहर बरुआ, राजमल नागर, अजय माहेश्वरी और सुभाष वर्मा ने दिये. वंदेमातरम का गान संध्या यादव ने किया. स्वागत को शब्द अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने दिये. आभार का भार उपाध्यक्ष शक्तिसिंह शक्तावत ने स्वीकार किया। संचालन संजय भाटे ने किया. प्राचार्या ज्योति जैन ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी. पर्यावरणविद एवं अध्यक्ष नवआरंभ जन सेवा संस्थान भूपेन्द्र सिंह ने विद्यालय को पौधे भेंट एवं रोपित किये. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सुभाष जी गुप्ता, जामले जी उपस्थित रहे.

एक नजर में ▶ अच्छी शिक्षा आज की आवश्यकता : स्वामी केशवाचार्य महाराज

# वेंकटेश बालाजी का हुआ महाअभिषेक, चक्र स्नान संपन्न

इंदौर. श्री पद्मावती वेंकटेश देव स्थान पर चल रहे ब्रह्म उत्सव के समापन अवसर पर सोमवार को 11.30 बजे भगवान बालाजी का महा अभिषेक निज मंदिर में प्रारंभ हुआ इसमें पोद्दार परिवार, रमेश मान्धनिया परिवार एवं राधेश्याम लाहोटी परिवारस सुनील बंसल एवं महेश जी दम्माणी ने पूजन अर्चन कर प्रभु एवं स्वामी केशवाचार्य महाराज का आशीर्वाद लिया.

इस अवसर पर स्वामी जी ने पढ़ने वाले बच्चों के लिए कहा कि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अपने धर्म एवं संस्कार का ज्ञान भी होना चाहिए. अच्छी शिक्षा आज की बहुत बड़ी आवश्यकता है. बालाजी के अभिषेक में दूध ,दही ,केसर, हल्दी, शक्कर एवं पवित्र नदियों के जल का प्रयोग कर 108 रजत कलशो से अभिषेक किया गया साथ ही श्री सूक्त, पुरुष सूक्त गणेश अथर्व शीर्ष मंत्रोच्चार एवं तुलसी अर्चना की गयी. अभिषेक के पश्चात भगवान का श्रृंगार किया गया एवं आरती के पश्चात गोष्टी प्रसाद के साथ अभिषेक तीर्थ प्रसाद का भी वितरण किया गया. इस अवसर पर सोयल साबू, राजेंद्र मंत्री, भगवानदास हेडा, राजा लड्ढा, प्रदीप साबू, राम हुरकट, राजेंद्र काबरा, मोहित कश्यप, पदमा सोनी, अनुराधा कश्यप भी मौजूद थे.





▶ **श्रृंगार आरती के साथ समापन**

मंदिर समिति के मनोहर सोनी एवं हरिकिशन साबू ने बताया कि आज प्रात: सत्र में भगवान का चक्र स्नान हुआ जिसमें पुष्कर्णी में भक्तों ने भगवान को स्नान कराया एवं स्वयं भी ठंडे जल से स्नान किया आज उत्सव का अंतिम दिवस था समापन अवसर पर श्रृंगार आरती के साथ उत्सव का समापन हुआ.